प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश,
शिविर कार्यालय, 18-पार्क रोड,
लखनऊ।

पत्रांक/शि0स0/एनओसी/ 2569-70 /2006-2007, दिनांक: 22/09/06

विषय: एस0एफ0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर (मुजफ्फरनगर) की सी0बी0एस0ई, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में आख्या का प्रेषण।

-x-x-x-

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्धक, एस0एफ0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर (मुजफ्फरनगर) द्वारा अपने पत्रांक/एस. एफ. डी. /एम. पी. /05/55-22, दिनांक 22.08.2006 के द्वारा विधालय को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सम्बन्ध में पत्रावली मण्डल कार्यालय को प्रेषित की गयी।

विषयगत प्रकरण के सम्बन्ध में विधालय का स्थलीय निरीक्षण दिनांक 20.09.2006 को किया गया, जिसकी विस्तृत आख्या, विधालय द्वारा प्रेषित आवेदन-पत्र एवं अन्य पत्रजात दो-दो प्रतियों में इस पत्र के साथ संलग्न कर आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

भवदीय,

संलग्नक: उक्तानुसार (दो-दो प्रतियों में।)

(अवधेश चन्द्र)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर 22/9/06

पृ0सं0/शि0स0/एनओसी/ /2006-07, दिनांक उक्तवत।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, एस0एफ0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर (मुजफ्फरनगर) को उनके उक्त पत्रांक/दिनांक 22.8.2006 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अवधेश चन्द्र)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

एस0एफ0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर (मुजफ्फरनगर) को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु उ0प्र0शासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण आख्या:-

| | |
|---|---|
| 1. स्थलीय निरीक्षण की तिथि | 20.09.2006 |
| 2. विद्यालय की स्थापना वर्ष | 1992 |
| 3. आवेदन-पत्र प्रेषण की तिथि | 22.08.2006 |
| 4. आवेदन पत्र शुल्क जमा का विवरण | ट्रेजरी चालान सं0-टी0-54 दिनांक 02.05.2006 द्वारा रु0 1000/-(रुपये एक हजार मात्र) निर्धारित लेखाशीर्षक में भारतीय स्टेट बैंक, मुजफ्फरनगर में जमा किया गया। (ट्रेजरी चालान की मूल प्रति संलग्न) |
| 5. सोसायटी का संचालन/पंजीकरण संख्या एवं तिथि। | विद्यालय का संचालन दयानन्द एंग्लो वैदिक कालेज ट्रस्ट एण्ड मैनेजमेन्ट सोसायटी, नई दिल्ली-110055 द्वारा किया जा रहा है। सोसायटी का रजिस्ट्रेशन अधिनियम-21, 1860 के अधीन पंजीकरण संख्या-एस0-9/1948-49, दिनांक 30.06.1948 द्वारा हुआ है।(सोसायटी पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है।) |
| 6. सोसायटी के प्रबन्धाधिकरण का गठन | सोसायटी के प्रबन्धाधिकरण का गठन विधिवत किया गया है। प्रबन्धाधिकरण के पदाधिकारियों/सदस्यों की सूची, सोसायटी मैमोरेण्डम की प्रति व प्रबन्धाधिकरण के पदाधिकारी/सदस्य आपस में सम्बन्धी न होने का प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट का शपथ-पत्र की मूल प्रति संलग्न है। |
| 7. सोसायटी की वित्तीय स्थिति | सोसायटी के विगत 31 मार्च 2004 एवं 31 मार्च 2005 तक का आय-व्ययक चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न है। |
| 8. विद्यालय प्रबन्ध तन्त्र का गठन/विधान शक्तियों का विवरण। | विद्यालय प्रबन्ध तन्त्र का गठन किया गया है। प्रबन्ध तन्त्र का विधान, शक्तियाँ एवं कार्य सी0बी0एस0ई0 नियमावली के अनुरूप है। |
| 9. विद्यालय की स्थिति एवं उद्देश्य तथा संक्षिप्त इतिहास। | विद्यालय ग्रामीण एरिया सीमा क्षेत्र में स्थित है। विद्यालय जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा मन्सूरपुर में स्थित है। विद्यालय के निकट कोई भी विद्यालय सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता प्राप्त नहीं है। विद्यालय में अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों माध्यम से सह-शिक्षा प्रणाली लागू की गयी है। विद्यालय का स्वरूप दिवा तथा सत्र अप्रैल से मार्च तक है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उत्तम शिक्षा एवं अनुशासित शिक्षा सुलभ कराना तथा उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास करना है।(विद्यालय इतिहास/उद्देश्य संलग्न है।) |
| 10. विद्यालय की छात्र संख्या | स्थलीय निरीक्षण के समय विद्यालय की छात्र संख्या निम्नवत पायी गयी:- |

| कक्षा | कुल छात्र/छात्रा सं0 | उपस्थित पाये गये छात्र/छात्रा संख्या। |
|---|---|---|
| नर्सरी | 50 | 48 |
| के0जी0 | 45 | 44 |
| प्रथम | 30 | 30 |
| द्वितीय | 37 | 35 |
| तृतीय | 33 | 33 |
| चतुर्थ | 31 | 30 |
| पंचम | 24 | 23 |
| षष्टम | 34 | 32 |
| सप्तम | 23 | 22 |
| अष्टम | 19 | 19 |
| कुल योग | 326 | 316 |

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

....2.....

| | |
|---|---|
| 11. विधालय किसी अन्य परिषद/परीक्षा से सम्बद्धता है। | विधालय किसी अन्य शिक्षा परिषद् से सम्बद्धता प्राप्त नहीं है। |
| 12. विधालय भूमि/भवन निजी/किराये का है तथा परिसर का क्षेत्रफल। | विधालय की भूमि/भवन 99 वर्ष के किराये पर है। विधालय भूमि/भवन का कुल क्षेत्रफल 9.11 एकड़ है। विधालय में पर्याप्त भवन निर्मित है, शेष भूमि विधालय भवन विस्तार एवं क्रीडास्थल हेतु उपलब्ध है।﴾विधालय भूमि/भवन का रजिस्टर्ड किरायानामा की प्रमाणित प्रति संलग्न है।﴿ |
| 13. विधालय में निर्मित भवन का विवरण | स्थलीय निरीक्षण के समय विधालय भवन का विवरण: |

| क्रम सं० | कक्षों की माप |
|---|---|
| 1. | 20 × 30 |
| 2. | 32 × 27 |
| 3. | 20 × 24 |
| 4. | 20 × 24 |
| 5. | 20 × 24 |
| 6. | 20 × 24 |
| 7. | 20 × 24 |
| 8. | 20 × 24 |
| 9. | 19 × 10 |
| 10. | 17 × 13 |
| 11. | 17 × 14 |
| 12. | 18 × 18 |
| 13. | 27 × 13 |
| 14. | 27 × 13 |
| 15. | 27 × 13 |
| 16. | 27 × 13 |
| 17. | 26 × 16 |
| 18. | 26 × 16 |
| 19. | 26 × 16 |
| 20. | 26 × 16 |
| 21. | 15 × 11. |
| 22. | 12 × 10 |

﴾निर्मित एवं निर्माणाधीन भवन का मानचित्र संलग्न है।﴿

| | |
|---|---|
| 14. विधालय में शौचालय एवं पीने के पानी की व्यवस्था। | विधालय में छात्र/छात्राओं एवं स्टाफ के लिए शौचालय की अलग-अलग व्यवस्था है तथा पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है, दो वाटर कूलर विधालय में पाये गये। |
| 15. विधालय में भौतिक संसाधनों का | विधालय में विधुत व्यवस्था हेतु बिजली के बल्ब, पंखे ट्यूब लाईट की व्यवस्था है तथा विधालय में बिजली कनेक्शन है। जेनरेटर की भी अतिरिक्त सुविधा विधालय में पायी गयी। |
| 16. विधालय में अग्नि रोधक व्यवस्था का विवरण। | विधालय में अग्निशामक यन्त्र पाये गये, जिसके सम्बन्ध में प्रबन्धक/प्रधानाचार्य द्वारा जिला अग्निशमन अधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र भी पत्रावली पर संलग्न किया गया है।﴾मूल प्रमाण पत्र पत्रावली में संलग्न﴿ |
| 17. विधालय में प्राकृतिक संसाधनों का विवरण। | विधालय में खुले एवं हवादार कक्ष बनाये गये हैं तथा कक्षा कक्षों में दरवाजे/खिड़कियाँ लगी हैं, जिससे कक्षों में प्राकृतिक प्रकाश/वायु पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहती है। विधालय का भवन शहरी आबादी से दूर होने के कारण वातावरण स्वच्छ एवं प्रदूषण रहित है। |

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

| | |
|---|---|
| 18. पुस्तकालय एवं वाचनालय की व्यवस्था | विद्यालय पुस्तकालय में 08 स्टील अल्मारी एवं 02 स्टील रैकों में कुल 1306 पुस्तकें उपलब्ध पायी गयी।(पुस्तकों की सूची मूल्य सहित संलग्न है।) |
| 19. क्रीडा सामग्री कीव्यवस्था | विद्यालय में छात्र/छात्राओं के खेलकूद हेतु पर्याप्त मात्रा में इनडोर एवं आउटडोर खेलकूद का सामान उपलब्ध है। विद्यालय में बास्केटबाल, बालीबाल, फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिन्टन, कैरम बोर्ड, लूडो, हैंडबाल विद्यालय में क्रीडा सामग्री उपलब्ध है।(क्रीडा सामग्री की सूची मूल्य सहित संलग्न है।) |
| 20. विज्ञान की सामग्री | विद्यालय में विज्ञान शिक्षा हेतु पृथक से साइंस-लैब बनायी गयी है, जिसमें पर्याप्त मात्रा में विज्ञान सामग्री उपलब्ध पायी गयी।(विज्ञान सामग्री की सूची मूल्य सहित संलग्न है।) |
| 21. साज/सज्जा/फर्नीचर आदि की व्यवस्था। | विद्यालय छात्र/छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ कक्षा-कक्षों, प्रधानाचार्या, कार्यालय, स्टाफ रूम, पुस्तकालय/वाचनालय में बैठने एवं शिक्षण सामग्री हेतु पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर उपलब्ध है।(फर्नीचर आदि सामग्री की सूची मूल्य सहित संलग्न है।) |
| 22. शिक्षण सामग्री की व्यवस्था | विद्यालय में शिक्षण सामग्री हेतु ग्लोब, मानचित्र, चार्ट एवं कैलेण्डर आदि पर्याप्त मात्रा में पाये गये।(शिक्षण सामग्री की सूची मूल्य सहित संलग्न है।) |
| 23. प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था | विद्यालय में छात्र/छात्राओं एवं स्टाफ हेतु प्राथमिक चिकित्सा सामग्री उपलब्ध है।(प्राथमिक चिकित्सा सामग्री की सूची संलग्न है।) |
| 24. अन्य सुविधायें | विद्यालय में टेलीफोन की समुचित व्यवस्था की गयी है। विद्यालय का टेलीफोन नं0-09219915038 है। विद्यालय में लाउडस्पीकर सेट भी उपलब्ध पाया गया है। |
| 25. विद्यालय में कार्यरत स्टाफ एवं वेतन भुगतान की स्थिति। | स्थलीय निरीक्षण के समय स्टॉफ उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, समस्त स्टाफ(शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी) उपस्थित पाये गये। सभी शिक्षक प्रशिक्षित हैं। विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ को उ0प्र0शासन द्वारा अनुमन्य वेतनमानों के अनुसार ही वेतन बैंक खाता पद्धति के अनुसार भुगतान किया जा रहा है।(विद्यालय का स्टाफ स्टेटमेन्ट संलग्न है।) |
| 26. विद्यालय शुल्क का विवरण | विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से यथासमय शिक्षण शुल्क, परीक्षा शुल्क, वार्षिक शुल्क, खेल, विज्ञान पंजीकरण शुल्क आदि मदों में शुल्क लिया जा रहा है, लिये जा रहे शुल्क की दरें संलग्न हैं। |
| 27. विद्यालय में शिक्षक/कर्मचारियों की सेवा नियमावली एवं कल्याणकारी योजना। | विद्यालय में शिक्षक/कर्मचारियों हेतु सी0बी0एस0ई, नियमावली के अनुसार सेवा नियमावली बनाई गई है। विद्यालय स्टाफ को पी. एफ. खाता संख्या आवंटित हैं, विधिवत उनका पी. एफ. सम्बन्धित खातों में जमा किया जा रहा है।(पी. एफ. खातों की सूची संलग्न है।) |

....4.....

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

| | |
|---|---|
| 28. उत्तर प्रदेश शासन के प्रतिबन्धों की बाध्यता। | विधालय प्रबन्धाधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्दिष्ट प्रतिबन्धों की बाध्यता स्वीकार करते हुए प्रतिबन्धों को सोसायटी मैमोरेण्डम में समाविष्ट कराया गया है तथा विधालय में हिन्दी विषय को अनिवार्य विषयक के रूप में पढाने का संकल्प लिया गया है। |
| 29. कम्प्यूटर शिक्षा व्यवस्था | विधालय में छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा दिये जाने हेतु कम्प्यूटर लैब स्थापित की गयी है, जिसमें निरीक्षण के समय 06 कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स उपलब्ध पाये गये़ (सूची संलग्न) |
| 30. संयुक्त शिक्षा निदेशक की आख्या एवं संस्तुति। | एस0एफ0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर (मुजफ्फरनगर) द्वारा सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु उत्तर प्रदेश शासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र एवं सम्बन्धित पत्रजातों के अनुसार विधालय का स्थलीय निरीक्षण दिनांक 20.09.2006 को किया गया। विधालय द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं पत्रजातों तथा स्थलीय निरीक्षण के आधार पर अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु पत्रावली संस्तुत/अग्रसारित की जाती है। |

(अवधेश चन्द्र)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर
22/9/06

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur

Swaroop Foundation
D.A.V. Public School
Mansurpur